**राजस्थान सरकार**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः एफ21 (110)/एनएचएम/आशा/सामान्य/2019–20/90 दिनांक 07.3.2020

**समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,राजस्थान।**

विषयः– कोरोना वायरस बीमारी की रोकथाम हेतु दिनांक 08.03.2020 को आयोजित विशेष ग्रामसभा में एएनएम व आशा सहयोगिनियों के भाग लेने के संबंध में।

संदर्भः– ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग का पत्र क्रमांक एफ5(17)पराविं!विधि/विशेष ग्राम सभा/2020/3541 दिनांक 06.03.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के संदर्भित पत्र क्रमांक एफ 15(17)पराविं!विधि/विशेष ग्राम सभा/2020/3541 दिनांक 06.03.2020 (प्रतिलिपि संलग्न है) के द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08.03.2020 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त ग्राम सभा में कोरोनो वायरस बीमारी ( Covid-19) की रोकथाम के प्रचार –प्रसार हेतु आई.ई.सी सामग्री/पम्पलेट सहित संबंधित ग्राम सभा की समस्त एएनएम व आशा सहयोगिनियों को आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करे। संलग्न :उपरोक्तानुसार

**निदेशक (जन स्वास्थ्य)**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, माननीय राज्य मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. विभाग, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, अति.मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. विभाग, राजस्थान सरकार।
4. निजी सचिव, अति.मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार।
5. निजी सचिव, विशिष्ठ शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार।
6. निजी सहायक, मिशन निदेशक एनएचएम एवं विशिष्ठ शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. विभाग, राजस्थान सरकार।
7. निजी सहायक, निदेशक (जनस्वास्थ्य/आरसीएच)
8. अति. निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य/राज्य नोडल अधिकारी, आशा कार्यक्रम एनएचएम।
9. जिला कार्यक्रम प्रबंधक/ जिला आशा समन्वयक को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार मॉनिटेंरिग कर राज्य नोडल अधिकारी, आशा कार्यक्रम एनएचएम मुख्यालय को सूचित किया जाना सुनिश्चित करे।
10. प्रभारी सर्वर रूम को मेल वास्ते

7/3/2020

**अति. निदेशक (आरसीएच)**

ई–मेल
विशेष ग्राम सभा
अति. आवश्यक

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज)

क्रमांक एफ 15(17)पंराविं/विधि/विशेष ग्राम सभा/2020/3541 जयपुर, दिनांकः– 06-03-2020

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद, समस्त ।

**Subect:-For organizing Special Gram Sabha on the 8th march, 2020 on the occasion of Celebration of International Women's Day with the theme "Generation Equality:Realizing Women's Right."**

**संदर्भः–भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त अशा0 पत्र कमांक दिनांक 03.03.2020**

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम में लेख है कि संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 8 मार्च, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर उनके विषयवस्तु सृजन समानताः महिलाओं के अधिकारों को साकार करने हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किये जाने बाबत निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसमें महिलाओं के संबंध में अंकित बिन्दु पर चर्चा किया जाना आवयक होगा ।

अतः प्राप्त पत्रों की छाया प्रति मय संलग्नकों के साथ भिजवाते हुए निर्देशित किया जाता है कि 8 मार्च, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर उनके विषयवस्तु सृजन समानता : महिलाओं के अधिकारों को साकार करने बाबत, प्राप्त पत्रों के अनुसार विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु संलग्न पत्रानुसार सभी विकास अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश जारी कर, पालना सुनिश्चित करावें ।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार ।**

(मगन लाल योगी)
उपायुक्त एवं
संयुक्त शासन सचिव(प्रथम)

Scanned by CamScanner

प्रतिलिपिः—1.संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, 11 फ्लोर, जीवन प्रकाश बिल्डिंग 25, कस्तुरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली को उनके अशा0 पत्रांक दिनांक 03.03.2020 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है ।

2.विशिष्ट शासन सचिव एवं निदेशक, पंचायती राज विभाग, राजस्थान को सूचनार्थ प्रेषित है ।

3.संयुक्त निदेशक (मो0), मुख्यालय ।

4.ए. सी. पी., मुख्यालय ।

(मगन लाल योगी)
उपायुक्त एवं
संयुक्त शासन सचिव(प्रथम)

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

# कोरोना वायरस से ना घबराएं
# स्वयं की एवं दूसरों की रक्षा करें

## क्या करें

- अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें
- नियमित रूप से साबुन से हाथ साफ़ करें
  - खांसने या छींकने के बाद
  - खाना बनाने से पहले एवं परोसने से पहले
  - खाना खाने से पहले
  - शौचालय के इस्तेमाल के बाद
- खांसते या छींकते समय नाक और मुँह को टिश्यू से ढकें
- इस्तेमाल किये हुए टिश्यू को बंद कूड़ेदान में फेंकें
- जिस व्यक्ति में जुखाम या फ्लू के लक्षण हों उससे दूरी बनाएं
- अगर बुख़ार, खांसी, फ्लू और सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें.
- यदि आप पिछले 15 दिनों में कोरोना वायरस प्रभावित देशों से लौटे हैं या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। अगले 14 दिनों के लिए सीमित संपर्क रखें, और अलग कमरे में रहें।

## क्या ना करें

- खांसी और बुखार से पीड़ित लोगो से संपर्क न करें
- यदि आपको खाँसी और बुख़ार है तो किसी के संपर्क में न आएं
- सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें
- आँख, नाक और मुँह को बार-बार छूने से बचें
- अगर आपको खांसी या ज़ुकाम हो तो यात्रा करने से बचें
- जंगली या पालतू पशु पक्षियों के असुरक्षित संपर्क से बचें
- भीड़ वाले स्थलों पर जाने से यथा संभव बचें
- कोरोना वायरस की अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नं. पर कॉल करने में झिझकें नहीं
- अफवाहों से डरने की ज़रूरत नहीं, मगर सावधान रहें

**हाथ ना मिलाएं - नमस्ते से काम चलाएं**

**#राजस्थान सतर्क है**


अधिक जानकारी के लिए नज़दीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें या कॉल करें:

24X7

| नेशनल कॉल सेंटर | स्टेट कंट्रोल रुम | टोल फ्री हेल्पलाइन |
|---|---|---|
| +91-11-23978046 | 0141-2225624 | 104/108 |

**निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (आईईसी) सेवाएं, जयपुर**

**राजस्थान सरकार, जयपुर**


राजस्थान सरकार
कोरोना वायरस संक्रमण
को रोकने के लिए सरल उपाय
यदि आप पिछले 15 दिनों में कोरोना वायरस प्रभावित
देशों से लौटे हैं या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, तो
ये सावधानियां अपनाएं
अगले 14 दिनों के लिए
सबके साथ सीमित संपर्क रखें,
और अलग कमरे में सोएं।
छींकते और खाँसते समय
नाक और मुँह ढकें
नियमित रूप से
साबुन से हाथ धोएं
जिस व्यक्ति को खाँसी या
बुखार के लक्षण हो
उससे दूरी बनायें
1 मीटर
हाथ ना मिलाएं - नमस्ते से काम चलाएं
#राजस्थान_सतर्क_है

राजस्थान सरकार

# कोरोना वायरस से ना घबराएं

## कोरोना वायरस के प्रमुख लक्षण






**यदि आप पिछले 15 दिनों में कोरोना वायरस प्रभावित देशों से लौटे हैं या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।**

24X7 अधिक जानकारी के लिए नज़दीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें या कॉल करें:

| नेशनल कॉल सेंटर | स्टेट कंट्रोल रुम | टोल फ्री हेल्पलाइन |
|---|---|---|
| +91-11-23978046 | 0141-2225624 | 104/108 |

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**

निदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (आईईसी) सेवाएं, जयपुर